# Supporting Documents For 2.2.

**2.2.** Number of seats earmarked for reserved category as per GOI/ State Govt. rule during the year.

## UG I Year & PG I Semester 2023-24

| No. | Year 2023-24 | Course Code | Number of Sanctioned Seat | Number of Admitted Student | Total Reserved Category Seat | Total Admitted Reserved Category Student | Number of seats earmarked for reserved category as per GOI or State Government rule | | | | | Number of students admitted from the reserved category | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | SC (16%) | ST (20%) | OBC (14%) | Gen | Other (5%) | SC | ST | OBC | Gen | Other |
| 1 | B. A. | C028 | 610 | 442 | 336 | 408 | 98 | 122 | 85 | 274 | 31 | 79 | 155 | 174 | 34 | 0 |
| 2 | B. A. Computer | C028 | 60 | 9 | 33 | 9 | 10 | 12 | 8 | 27 | 3 | 4 | 2 | 3 | 0 | 0 |
| 3 | B. Com Plain | C032 | 200 | 99 | 110 | 74 | 32 | 40 | 28 | 90 | 10 | 14 | 11 | 49 | 25 | 0 |
| 4 | B. Com Computer | C032 | 70 | 45 | 39 | 39 | 11 | 14 | 10 | 31 | 4 | 4 | 2 | 33 | 6 | 0 |
| 5 | BCA | C030 | 20 | 10 | 11 | 8 | 3 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 0 | 6 | 2 | 0 |
| 6 | BBA | C029 | 50 | 36 | 28 | 23 | 8 | 10 | 7 | 22 | 3 | 0 | 4 | 19 | 13 | 0 |
| 7 | B. Sc Bio | C111 | 110 | 60 | 61 | 56 | 18 | 22 | 15 | 49 | 6 | 13 | 29 | 14 | 4 | 0 |
| 8 | B. Sc Plain | C111 | 60 | 24 | 33 | 23 | 10 | 12 | 8 | 27 | 3 | 2 | 10 | 11 | 1 | 0 |
| 9 | B. Sc Cs | C111 | 60 | 26 | 33 | 22 | 10 | 12 | 8 | 27 | 3 | 3 | 0 | 19 | 4 | 0 |
| 10 | M.A. Economic | C005 | 50 | 22 | 28 | 21 | 8 | 10 | 7 | 22 | 3 | 7 | 5 | 9 | 1 | 0 |
| 11 | M.A. Political Sc. | C018 | 100 | 100 | 55 | 94 | 16 | 20 | 14 | 45 | 5 | 33 | 23 | 38 | 6 | 0 |
| 12 | M.A. Sociology | C026 | 70 | 55 | 39 | 50 | 11 | 14 | 10 | 31 | 4 | 10 | 27 | 13 | 5 | 0 |
| 13 | M.Com | C031 | 110 | 75 | 61 | 58 | 18 | 22 | 15 | 49 | 6 | 9 | 7 | 42 | 17 | 0 |
| 14 | M. Sc. CS | C046 | 30 | 19 | 17 | 16 | 5 | 6 | 4 | 13 | 2 | 2 | 1 | 13 | 3 | 0 |
| **Total Seat** | | | **1600** | **1022** | **884** | **901** | **258** | **320** | **222** | **716** | **84** | **182** | **276** | **443** | **121** | **0** |

प्राचार्य
Principal
Govt. Degree College
TIMARNI (HARDA)M.P

# उच्च शिक्षा विभाग

## ऑनलाइन ई–प्रवेश

### सत्र 2023–24

मध्यप्रदेश के शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/अशासकीय महाविद्यालय की स्नातक प्रथम वर्ष/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदकों के लिए

# प्रवेश नियम एवं मार्गदर्शी सिद्धान्त पुस्तिका


कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, पाँचवी मंजिल, भोपाल – 462004

नियंत्रण कक्ष हेल्पलाइन नंबर **:-** 0755–2551698, 2554763

**E-mail:-affil-he@mp.gov.in / epravesh12@gmail.com**

तकनीकी समस्या हेतु एम.पी. ऑनलाइन सहायता केन्द्र नंबर :–0755–6720201


विचार, कर्म एवं व्यवहार की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति ही शिक्षा है।

मध्यप्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
वल्लभ भवन,मंत्रालय–462004

:: आदेश ::

भोपाल, दिनांक 17/05/2023

क्रमांक 327/ 46 /सीसी/2023/अड़तीस :: राज्य शासन एतद् द्वारा सत्र 2023–24 के लिये मध्यप्रदेश के शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु प्रवेश नियम, मार्गदर्शी सिद्धांत, अकादमिक कैलेण्डर एवं ऑनलाइन प्रवेश समय–सारणी जारी किये जाते हैं।

संलग्न– प्रवेश नियम/मार्गदर्शी सिद्धांत ।

17-5-23
(वीरन सिंह भलावी)
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग

पृ0 कमांकः 328/ 46 /सीसी/2023/अड़तीस, भोपाल, दिनांक 17/05/2023
प्रतिलिपि :

1. प्रमुख सचिव,माननीय राज्यपाल, राजभवन सचिवालय,मध्यप्रदेश भोपाल, म.प्र. ।
2. निज सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।
3. स्टाफ आफीसर, अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय ।
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश, सतपुड़ा भवन, भोपाल ।
5. अध्यक्ष, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल, म.प्र. ।
6. कुलसचिव, समस्त परम्परागत विश्वविद्यालय भोपाल/इन्दौर/ग्वालियर/जबलपुर/रीवा/ उज्जैन/छतरपुर एवं छिन्दवाडा, मध्यप्रदेश।
7. कुलसचिव, समस्त निजी विश्वविद्यालय, म.प्र.।
8. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।
9. सी.ई.ओ., एम.पी. ऑनलाइन, द्वितीय तल, डी.बी. मॉल, एम.पी. नगर, भोपाल म. प्र. की ओर कार्यवाही हेतु ।
10. प्राचार्य, समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, मध्यप्रदेश।
11. प्रभारी आई.टी. शाखा, उच्च शिक्षा, म. प्र. सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

.............. की ओर सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु।

17-5-23
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग

# प्रवेश नियम एवं मार्गदर्शी सिद्वान्त
## सत्र 2023–24
## अनुक्रमणिका


| क्र. | | विषय | | उप विषय | पृ.क्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | प्रयुक्ति | | | 4 |
| 2 | | पोर्टल की जानकारी | | | 4 |
| 3 | | आयु संबंधी प्रावधान | | | 4 |
| 4 | | स्नातक प्रथम वर्ष/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश हेतु पात्रता | | | 4-6 |
| 5 | | प्रवेश एवं अपग्रेडेशन प्रक्रिया :– | | | 6-12 |
| | 5.1 | पंजीयन, पंजीयन शुल्क भुगतान एवं नामांकन प्रक्रिया | | | 6 |
| | 5.2 | पंजीयन हेतु पूरक प्राप्त विद्यार्थियों संबंधी निर्देश | | | 8 |
| | 5.3 | महाविद्यालय/पाठ्यक्रम चयन प्रक्रिया | | | 8 |
| | 5.4 | पंजीयन हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र/दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया | 5.4.1 | अंक सूची संबंधी | 8 |
| | | | 5.4.2 | जाति प्रमाण पत्र संबंधी | 8-9 |
| | | | 5.4.3 | संवर्ग प्रमाण पत्र संबंधी | 9 |
| | | | 5.4.4 | अधिभार हेतु प्रमाण पत्र संबंधी | 9 |
| | | | 5.4.5 | मूल निवासी संबंधी | 9 |
| | 5.5 | पंजीकृत आवेदकों के दस्तावेजों की ई–सत्यापन प्रक्रिया | 5.5.1 | ऑनलाइन सत्यापन संबंधी निर्देश | 9-10 |
| | | | 5.5.2 | असत्यापित/त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण जानकारी युक्त आवेदन संबंधी निर्देश | 10 |
| | 5.6 | प्रवेश आवंटन हेतु गुणानुक्रम एवं प्राथमिकता का निर्धारण | 5.6.1 | प्रथम चरण में प्रवेश हेतु सीट आवंटन प्रक्रिया | 10-11 |
| | 5.7 | महाविद्यालय/संकाय आवंटन पश्चात् प्रवेश शुल्क भुगतान के पूर्व आवेदकों द्वारा ऑनलाइन विषय चयन किये जाने संबंधी निर्देश | | | 11 |
| | 5.8 | ऑनलाइन प्रवेश शुल्क (नामांकन शुल्क सहित) भुगतान प्रक्रिया | 5.8.2 | प्रवेश शुल्क का ट्रान्जेक्शन फेल होने की दशा में आवश्यक निर्देश | 11-12 |
| | 5.9 | महाविद्यालय स्तर पर संचालित सर्टिफिकेट कोर्स चयन प्रक्रिया | | | 12 |
| 6 | | **ऑनलाइन सी.एल.सी.** चरण में महाविद्यालयों के रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु पुनः विकल्प चयन एवं आवंटन प्रक्रिया | | | 12-13 |
| 7 | | **प्रवेश निरस्तीकरण प्रक्रिया** | 7.1 | निरस्तीकरण पश्चात् शुल्क वापसी प्रक्रिया | 13 |
| 8 | | रूक जाना नहीं अन्तर्गत प्रवेश | | | 13 |
| 9 | | शासकीय सेवक के स्थानान्तरित होने पर पाल्यों के प्रवेश | | | 14 |
| 10 | | पूरक प्राप्त आवेदकों के प्रवेश | | | 14 |
| 11 | | मध्यप्रदेश शासन द्वारा विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु हितग्राही योजनाएं | 11.1 | मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी (MMVY)योजना | 14 |
| | | | 11.2 | मुख्यमंत्री जन कल्याण (शिक्षा प्रोत्साहन)योजना (MMJKY) | 15 |
| | | | 11.3 | मुख्यमंत्री कोविड–19 बाल कल्याण योजना | 15 |
| | | | 11.4. | लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 | 16 |
| 12 | | वन–स्टेप–अप योजनान्तर्गत प्रवेश (स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों हेतु) | | | 17 |

| क्र. | विषय | | उप विषय | पृ.क्र. |
|---|---|---|---|---|
| 13 | विधि संकाय हेतु नियमित प्रवेश प्रक्रिया | | | 17–18 |
| 14 | उत्कृष्ट महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया | | | 18 |
| 15 | संस्कृत महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया | | | 18 |
| 16 | स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश संबंधी प्रावधान | | | 18 |
| 17 | प्रावधिक प्रवेश हेतु पात्रता | | | 19 |
| 18 | प्रवेश नवीनीकरण प्रक्रिया (शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों हेतु) | 18.1 | स्नातक स्तर | 19 |
| | | 18.2 | स्नातकोत्तर स्तर | 20 |
| | | 18.3 | नवीनीकरण शुल्क संबंधी निर्देश | 20 |
| | | 18.5 | शासकीय सेवक के स्थानान्तरित होने पर उनके पाल्यों के प्रवेश संबंधी निर्देश | 21 |
| | | 18.6 | स्वाध्यायी (प्राईवेट) से नियमित प्रवेश संबंधी प्रावधान | 21 |
| | | 18.7 | पूर्व छात्र (Ex-Student) के नियमित प्रवेश संबंधी निर्देश | 21 |
| | | 18.9 | महाविद्यालय स्तर पर संचालित सर्टिफिकेट कोर्स चयन प्रक्रिया | 21 |
| 19 | स्नातक कक्षाओं में ए.टी.के.टी/पूरक से संबंधित प्रवेश नियम | | | 21-22 |
| 20 | स्नातकोत्तर कक्षाओं में ए.टी.के.टी से संबंधित प्रवेश नियम | | | 22 |
| 21 | प्रवेश सीट संख्या का निर्धारण | 21.8 | निजी महाविद्यालयों को ऑनलाइन पोर्टल पर जोड़ने की प्रक्रिया | 22-23 |
| 22 | समकक्ष बोर्ड संबंधी प्रवेश नियम | | | 23-24 |
| 23 | प्रवेश की पात्रता | 23.1 | निवासी एवं अर्हकारी परीक्षा | 24 |
| 24 | विशेष प्रकरण संबंधी प्रवेश हेतु पात्रता/अपात्रता | | | 24-25 |
| 25 | बाह्य राज्य के आवेदकों हेतु प्रवेश नियम | | | 25 |
| 26 | आरक्षण | 26.10 | अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त महाविद्यालयों में प्रवेश | 26-27 |
| 27 | अधिभार | 27.1 | खेलकूद प्रतियोगिताओं संबंधी | 28 |
| | | 27.2 | कला संस्कृति संबंधी | 28-29 |
| | | 27.3 | एन.सी.सी./एन.एस.एस./स्काउट्स(स्काउट/गाइड्स / रेन्जर्स) एवं रेडक्रॉस सोसायटी संबंधी | 29 |
| 28 | प्रवेश संबंधी विशेष प्रावधान | 28.1 | प्रवेश पश्चात् प्राचार्य के अधिकार | 30 |
| | | 28.2 | प्रवेश शुल्क वापसी की प्रक्रिया | 30 |
| | | 28.3 | हितग्राही योजना परिवर्तन | 30-31 |
| | | 28.4 | विषय/पाठ्यक्रम/संकाय परिवर्तन | 31 |
| | | 28.5 | प्रवेशित विद्यार्थी हेतु महाविद्यालय स्थानांतरण प्रक्रिया | 31 |
| | | 28.7 | प्रवेशित विद्यार्थियों के त्रुटिपूर्ण डेटा में संशोधन प्रक्रिया | 31 |
| 29 | परिशिष्ट 1 एवं 2 | | | 33-37 |
| 30 | परिशिष्ट 3 ऑनलाइन प्रवेश समय–सारणी | | | 38-39 |
| 31 | सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ – Frequently Asked Questions) | | | 40-47 |
| 32 | महाविद्यालयों (हेल्प सेन्टर्स) को ऑनलाइन सत्यापन हेतु विशेष निर्देश | | | 48 |

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल द्वारा संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम 10+2 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के बाद ही संबंधित संकाय में प्रवेश दिया जा सकेगा। ऑनलाइन पंजीयन के समय संबंधित विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए किए गए ऑनलाइन आवेदन की पावती अपलोड करना आवश्यक होगा। किसी भी कक्षा में प्रवेश हेतु पात्रता संबंधी निर्धारण में संदेह होने पर संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा जारी पात्रता प्रमाण–पत्र को अंतिम माना जायेगा। विश्वविद्यालयों द्वारा निर्धारित पात्रतानुसार प्रवेश के समय आवेदक की पात्रता के परीक्षण का संपूर्ण दायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा। आवंटन का तात्पर्य यह कदापि नहीं होगा कि आवेदक प्रवेश की पात्रता पूर्ण करता है।

22.7 मध्यप्रदेश संस्कृत बोर्ड की 'उत्तर मध्यमा परीक्षा' को हायर सेकेण्डरी परीक्षा के समकक्ष माना जाये।

## 23. प्रवेश की पात्रता :–

### 23.1 निवासी एवं अर्हकारी परीक्षा

(अ) मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी, मध्यप्रदेश में स्थायी सम्पत्तिधारी निवासी, राज्य या केन्द्र सरकार के शासकीय सेवक, राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा भारत सरकार द्वारा संचालित व्यावसायिक संगठनों के कर्मचारी जिनका पदांकन मध्यप्रदेश में हो, उनके पाल्यों एवं जम्मू कश्मीर के विस्थापितों तथा उनके आश्रितों/भूटान के विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में प्रवेश की पात्रता होगी।

(ब) उपरोक्तानुसार प्रवेश के पश्चात् स्थान रिक्त होने की दशा में अन्य स्थानों के बोर्ड एवं अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को नियमानुसार गुणानुक्रम के आधार पर विश्वविद्यालय की पात्रता अनुसार प्रवेश दिया जा सकेगा।

(स) संबंधित विश्वविद्यालय या उस विश्वविद्यालय/बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों/महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों की अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को ही महाविद्यालयों में प्रवेश की पात्रता होगी।

(द) **जम्मू कश्मीर और लद्दाख** के विस्थापितों एवं उनके पाल्य/पाल्या के लिये निम्न प्रावधान लागू होंगे :–

1. प्रवेश की अंतिम तिथि में अधिकतम 30 दिन की छूट।
2. न्यूनतम प्रवेश प्राप्तांकों में अधिकतम 10 प्रतिशत की छूट, अगर आवेदक पात्रता की अन्य शर्तें पूरी करता हो। (विधि पाठ्यक्रमों को छोड़कर)
3. उपलब्ध स्थानों में पाठ्यक्रमवार 5 प्रतिशत की वृद्धि।
4. स्थानीय निवासी होने की अनिवार्यता से पूर्ण छूट।
5. द्वितीय और आने वाले वर्षों में आव्रजन की सुविधा।
6. व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में मेरिट के आधार पर एक प्रतिशत का आरक्षण।

(य) प्रधानमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत जम्मू कश्मीर के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए AllIndia Council for Technical Education (AICTE), New Delhi द्वारा प्रदेश में (12 B of UGC Act. के तहत मान्य) महाविद्यालयों में दो अधिसंख्य सीटों का सृजन कर प्रवेश दिये जाने का प्रावधान है। उक्त विद्यार्थियों को सीट आवंटन के बाद प्रवेश देने के पूर्व सम्बद्ध विश्वविद्यालय अनुसार पात्रता सुनिश्चित करने का सम्पूर्ण दायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा। उक्त प्रवेशित विद्यार्थी की जानकारी ई–प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध माड्यूल में दर्ज करने का दायित्व भी संबंधित महाविद्यालय का होगा।

## 24. विशेष प्रकरण संबंधी प्रवेश हेतु पात्रता/अपात्रता :–

24.1 किसी भी संकाय में स्नातक उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को (विधि संकाय को छोड़कर) अन्य संकायों के स्नातक पाठ्यक्रम में नियमित प्रवेश की पात्रता नहीं है।

24.2 महाविद्यालय में तोड़–फोड़ करने या महाविद्यालय की सम्पत्ति को नष्ट करने के प्रमाणित दोषी और रैगिंग के प्रमाणित आरोपी विद्यार्थियों को भी प्राचार्य प्रवेश देने के लिये अधिकृत नहीं हैं। रैगिंग के संदर्भ में यू. जी.सी. के ज्ञापन क्र. एफ–1–16/2007 (सी.पी.पी. I I) अप्रैल 2009 के मार्गदर्शी निर्देशों का पालन अनिवार्य है। इस संबंध में विभाग द्वारा जारी पत्र क्र. 829/469/आउशि/शा–1/08 दिनांक 18 जून 2008 के अनुसार जीरो टालरेंस पॉलिसी (Zero Tolerance Policy) लागू रहेगी।

24.3 ट्रॉन्सजेंडर को केवल सह–शिक्षा (Co-Education) महाविद्यालय में ही प्रवेश दिया जायेगा।

24.4 पूर्णकालिक शासकीय/अशासकीय सेवारत कर्मचारी को उसकी दैनिक कार्य की अवधि में लगने वाले महाविद्यालय में नियमित प्रवेश की पात्रता नहीं है। लेकिन दैनिक कर्त्तव्य अवधि के उपरांत लगने वाले महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन करने पर आवेदक द्वारा नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही प्रवेश दिया जा सकेगा।

## 25. बाह्य राज्य के आवेदकों हेतु प्रवेश नियम :–

25.1 स्नातक स्तर तक बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एस.सी.(गृह–विज्ञान) में एकीकृत पाठ्यक्रम लागू होने से राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय/स्वशासी महाविद्यालय से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को अगले वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश की पात्रता है, किंतु सम्बंधित विश्वविद्यालय/स्वशासी महाविद्यालय में पढ़ाये जा रहे विषयों/विषय–समूहों में आवेदकों ने पिछली परीक्षा दी हो तो संबंधित परीक्षण के पश्चात् ही नियमित प्रवेश दिया जा सकेगा।

25.2 मध्यप्रदेश राज्य के बाहर स्थित यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/स्वशासी महाविद्यालयों से स्नातक स्तर की प्रथम/द्वितीय वर्ष अथवा द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा, राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों/स्वशासी महाविद्यालयों से स्नातकोत्तर की प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा एवं विधि स्नातक स्तर की प्रथम/द्वितीय वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को उनके द्वारा संबंधित विश्वविद्यालयों से पात्रता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने के बाद उन्हीं विषय/विषयों/विषय–समूह की अगली कक्षा में स्थान रिक्त होने की स्थिति में नियमित प्रवेश दिया जा सकेगा।

25.3 राज्य के बाहर के विद्यार्थियों को निर्धारित प्रारूप में एक शपथ–पत्र देना होगा। शपथ–पत्र में फर्जी, किसी भी तरह की झूठी/गलत जानकारी पाये जाने की दशा में संबंधित विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त करते हुए उसे प्रदेश के किसी भी विश्वविद्यालय में आगामी तीन वर्ष तक प्रवेश से वंचित कर दिया जायेगा।

25.4 राज्य के बाहर के विद्यार्थियों को प्रवेश के पूर्व, प्राचार्यों द्वारा संबंधित राज्यों एवं स्थानीय आरक्षी केन्द्रों के माध्यम से पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य है।

25.5 केन्द्र सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थाओं में मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों के लिए 80 प्रतिशत तथा अन्य राज्यों के विद्यार्थियों हेतु 20 प्रतिशत स्थान आरक्षित रखने की व्यवस्था लागू रहेगी।

25.6 महाविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में अध्ययनरत् संस्था के प्राचार्य द्वारा जारी चरित्र प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

25.7 जिन विषयों में प्रवेश के लिये प्रदेश के विद्यार्थी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं है, उन विषयों में अन्य राज्य के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा।

## 26. आरक्षण :–

मध्यप्रदेश शासन की आरक्षण नीति के अनुरूप आरक्षण निम्नानुसार होगा :–

26.1 आरक्षित श्रेणी का कोई उम्मीदवार यदि अधिक अंक पाने के कारण सामान्य श्रेणी/ओपन प्रतिस्पर्धा में नियमानुसार मेरिट सूची में आता है तो आरक्षित श्रेणी की सीटें अप्रभावित रहेंगी। परन्तु यदि ऐसा विद्यार्थी किसी अन्य संवर्ग जैसे–स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आदि का है तो संबंधित संवर्ग की सीट उस विशिष्ट आरक्षित श्रेणी में भरी मानी जावेगी। संबंधित विशिष्ट संवर्ग की शेष सीटें पात्रतानुसार भरी जायेंगी।

26.2 अनुसूचित जाति (अ.जा.) एवं अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) के आवेदकों के लिए क्रमशः 16 प्रतिशत तथा 20 प्रतिशत स्थान आरक्षित होंगे। इन दोनों वर्गों के स्थान आपस में परिवर्तनीय होंगे।

26.3 पिछड़े वर्ग (क्रीमी–लेयर छोड़कर) के आवेदकों के लिये 14 प्रतिशत स्थान आरक्षित होंगे। (मध्यप्रदेश राजपत्र क्रमांक 349 भोपाल दिनांक 14.08.2019 में प्रकाशित संशोधन क्रमांक 13681–227–इक्कीस–अ (प्रा) अधि. दिनांक 13.08.2019 द्वारा संशोधित आदेश पर याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 5901/2019 के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के अधीन लागू किया जायेगा)

26.4 स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के पुत्र/पुत्रियों एवं पौत्र/पौत्रियों/नातियों/नातिनों, भारतीय सेना में कर्त्तव्य के दौरान वीरगति को प्राप्त अथवा स्थाई रूप से निःशक्त हुए सैनिकों के पुत्र/पुत्रियों एवं भूतपूर्व तथा कार्यरत सेना के कर्मियों (Defence personnel) के आश्रितों/सेन्ट्रल आर्म पुलिस फोर्स के बच्चों के लिए तथा इन वर्गों के दिव्यांग श्रेणी के आवेदकों के लिए संयुक्त रूप से 05 प्रतिशत स्थान आरक्षित रखे जायेंगे। इससे सम्बद्ध दिव्यांग श्रेणी के आवेदकों को प्राप्तांकों के 10 प्रतिशत अंकों का अधिभार देकर, तीन वर्गों का सम्मिलित गुणानुक्रम निर्धारित किया जाए, परन्तु यह आरक्षण संबंधित संवर्ग के लिए आरक्षित स्थानों से ही उपलब्ध कराया जाएगा।भारतीय सशस्त्र सेना के कर्मियों/अधिकारियों का प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार रहेगा –

1. युद्ध के दौरान शहीद की विधवा एवं उनके आश्रित।
2. युद्ध के दौरान स्थायी रूप से अपंग, कार्यरत सैनिकों एवं उनके आश्रित।
3. शांति के दौरान सेवाकाल में शहीद के आश्रित।
4. शांति के दौरान सेवाकाल में स्थायी रूप से निःशक्तजन तथा उनके आश्रित।
5. निम्न शौर्य पदकों से सम्मानित सेवारत अथवा पूर्व सैनिकों के आश्रित–परमवीर चक्र, अशोक चक्र, सर्वोत्तम युद्ध सेवा मैडल, महावीर चक्र, कीर्ति चक्र, उत्तम सेवा मैडल, वीर चक्र, शौर्य चक्र, युद्ध सेवा मैडल, सेना, नौसेना/वायु सेना मैडल पत्रों में उल्लेख।
6. राष्ट्रपति का वीरता हेतु पुलिस मैडल।
7. भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित।
8. कार्यरत सैनिकों के आश्रित।

26.5 दिव्यांग श्रेणी के आवेदकों के लिये 5 प्रतिशत स्थान आरक्षित रखे जावेंगे परन्तु यह आरक्षण संबंधित संवर्ग के लिये आरक्षित स्थान से ही उपलब्ध कराया जावेगा। दिव्यांगों को प्रवेश के समय अर्हतादायी अंकों में 5 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। दिव्यांग आवेदकों को जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त निर्धारित प्रारूप में जारी प्रमाण पत्र (जिसमें 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता का उल्लेख हो) पंजीयन के समय अपलोड करने पर इस श्रेणी का लाभ लिया जा सकेगा।

26.6 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS- Economically Weaker Section) :– आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ–07–11/2019/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 02 जुलाई 2019 एवं आयुक्त उच्च शिक्षा के पत्र क्रमांक 444/243/आउशि/शा.–5'अ'/2019 भोपाल दिनांक 15 जुलाई 2019 के अनुक्रम में दिया जायेगा। पंजीयन के समय ई.डब्लू.एस. प्रमाण पत्र अपलोड करने पर इस श्रेणी का लाभ लिया जा सकेगा।

26.7 सभी वर्गों में उपलब्ध स्थानों में 30 प्रतिशत स्थान छात्राओं के लिये आरक्षित होंगे।

26.8 मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग तथा उसके अधीनस्थ शासकीय कार्यालय/विश्वविद्यालय, आयुक्त कार्यालय उच्च शिक्षा में नियमित कार्यरत/सेवानिवृत्त/दिवंगत् अधिकारियों एवं कर्मचारियों, प्राचार्यों, प्राध्यापकों, ग्रंथपालों, क्रीडा अधिकारियों, रजिस्ट्रारों एवं शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के पाल्यों के लिए सभी सम्बन्धित संवर्गों में उपलब्ध स्थानों में से 5 प्रतिशत स्थान आरक्षित रखे जायेंगे।

26.9 आरक्षित स्थान का प्रतिशत यदि आधे से कम आता है तो उसी श्रेणी में आरक्षित स्थान उपलब्ध नहीं होगा। आधे से एक प्रतिशत के बीच आने पर ही आरक्षित स्थान की संख्या एक मानी जायेगी।

26.10 अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त महाविद्यालयों में प्रवेश :–

अल्पसंख्यक संस्थाओं में प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से संचालित होगी। अल्पसंख्यक महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु पंजीयन, आवंटन एवं प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु पोर्टल (https://epravesh.mponline.gov.in) पर पृथक से उपलब्ध लिंक के माध्यम से संचालित होगी।

सभी अल्पसंख्यक संस्थाओं को उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर अपनी संस्था को रजिस्टर करना होगा एवं उनके संस्थान में सम्बंधित विश्वविद्यालय के संचालित पाठ्यक्रमों/विषयों, उनकी सीट संख्या, शुल्क आदि की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करना होगा एवं इन पाठ्यक्रमों का सत्यापन सम्बंधित विश्वविद्यालय से निर्धारित तिथि तक करवाना होगा।

अल्पसंख्यक संस्थाओं में अजजा/अजा/अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का बंधन नहीं होगा। अल्पसंख्यक संस्थाओं में प्रवेश हेतु आवंटन की प्रकिया 01 : 01 (अल्पसंख्यक श्रेणी : गैर अल्पसंख्यक श्रेणी) के अनुपात में की जावेगी ।

26.11 कंडिका 6.4 अनुसार सी.एल.सी. अंतिम चरण में समय सारणी अनुसार पूर्व में वर्णित आरक्षित श्रेणी के (आवेदक उपलब्ध न होने पर) रिक्त स्थान अनारक्षित (सामान्य) श्रेणी के आवेदकों हेतु परिवर्तित किये जायेंगे।

26.12 समय–समय पर शासन द्वारा जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा।

26.13 ऐसे पाठ्यक्रम जिनके अध्यादेश में प्रवेश लिखित परीक्षा के माध्यम से दिया जाना उल्लेखित हो,पात्र आवेदकों को पोर्टल पर पंजीयन कराते हुए संबंधित संस्था एवं पाठ्यक्रम हेतु वरीयता दर्ज करना होगा। संबंधित संस्था पंजीकृत आवेदकों की प्रवेश परीक्षा आयोजित कर नियमानुसार प्रवेश देंगी तथा प्रवेशित विद्यार्थियों की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्यतः दर्ज करेंगी।

27. **अधिभार :–**

**अधिभार हेतु प्रमाण पत्र संबंधी :–**

(अ) स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिये अधिभार हेतु आवेदक स्कूल स्तर के विगत चार क्रमिक सत्र (अर्थात् सत्र 2019–20 के पूर्व के मान्य नहीं होंगे) तक के प्रमाण पत्र ही पंजीयन के समय अपलोड कर सकेंगे।

(ब) स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में अधिभार हेतु स्नातक स्तर में आवेदक के विगत तीन क्रमिक सत्र (अर्थात सत्र 2020–21 के पूर्व के मान्य नहीं होंगे) तक के प्रमाण पत्र ही पंजीयन के समय अपलोड कर सकेंगे।

(स) अधिभार गुणानुक्रम निर्धारण के लिए प्रदान किया जायेगा। पात्रता हेतु इसका उपयोग नहीं किया जाएगा। अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांकों के प्रतिशत पर ही अधिभार देय होगा। अधिभार के लिये सभी आवश्यक प्रमाण–पत्रों की जानकारी प्रवेश हेतु पंजीयन के लिए आवेदन–पत्र में उल्लेख करना अनिवार्य है। सत्यापन के लिये पंजीयन आवेदन पत्र में उल्लेखित, संबंधित प्रमाणपत्र अनिवार्यतः अपलोड करने होंगे। एक से अधिक अधिभार प्राप्त होने पर केवल सर्वाधिक अधिभार का लाभ एक ही वर्ग में देय होगा।

- खेलकूद विधा में महाविद्यालय में कुल सीट संख्या के अतिरिक्त 5 सीट खेलकूद में 'ए' श्रेणी प्राप्त विद्यार्थियों के लिए आउटराईट के आधार पर सुरक्षित होंगी । (24 मई 2022 के आदेशानुसार)
- कला–संस्कृति (युवा उत्सव)/एन.सी.सी.–एन.एस.एस.– स्काउट एवं रेडक्रॉस सोसायटी में शामिल 'ए' श्रेणी प्राप्त आवेदकों के लिए प्रत्येक महाविद्यालय में कुल सीट के अतिरिक्त 5–5 सीट आउटराईट के आधार पर आवंटित करने के लिए सुरक्षित होंगी।
- राज्य/संभाग/जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आवेदकों के लिए बी, सी और डी में अधिभार के आधार पर, गुणानुक्रम अनुसार प्रवेश दिया जावेगा।
- आउटराईट के आवेदकों की संख्या अधिक होने पर स्वतः सीटों में वृद्धि की जायेगी ।